हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025

06 100 वर्ष का हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नगर...



07 त्याग और तप की अखंड साधना से संघ ने पूरी की...





### खबर संक्षेप

## सफाई कर्मियों की मांग पर नपाध्यक्ष ने उनके खाते में डाली तन्ख्वाह

**सीहोर।** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड युनियन के बेनर तले युनियन के अध्यक्ष छुट्टन चावरिया के नेतृत्व में नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर को मांग पत्र सौंपा जिसमें मांग की गई थी कि दिनांक 7 अक्टुबर को महार्षि वाल्मीकी जयंती एवं दीपावली त्योहार को दृष्टिगत रखते हुए सीहोर नगर पालिका के समस्त सफाई कर्मचारियों को एक साथ माह अक्टुबर 2025 का वेतन भुगतान किया जावे, ताकि सभी सफाई कर्मचारी उनके अराध्य महार्षि वल्मीकि जी की जयंती एवं आगामी दीपावली पर्व उत्साह पूर्वक मना सके। जिस पर नपाध्यक्ष राठौर ने महार्षि वाल्मीकि जयंती की अग्रीम शुभकामनाऐं देते हुए एवं त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए प्राथमिता के साथ मांग पत्र देने के मात्र दो घण्टे के अन्दर सभी सफाई कर्मचारियों के खातों में माह अक्टुबर 2025 का वेतन डाल दिया गया। जिस पर कर्मचारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर छुट्टन चावरिया, अन्ना नरवारे, राकेश टांक, किशोर नागर, मनोज दिसावरी, अजय खरे, संतोष गोहर, संजय बोयत, राकेश बीलवार, विनोद चावरिया, अनिल चावरिया, विजय चावरिया आदि उपस्थित रहे।

### विरोध करने आए कांग्रेसजनों में जिले के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे

# शिवराज बोले हम तो मामा हैं यार, सबकी सुनते हैं, कांग्रेसियों ने समस्याएं सुनाकर, सौंपा ज्ञापन

विरोध का अंदाज गांधीगिरी वाला था, किसी ने गमछा पहनाया, तो किसी ने गुलाब का फूल भेंट कर अपनी बात रखी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर









"हम तो मामा हैं यार, जहां कहते हैं रुकते हैं, सबकी सुनते हैं। पहले बात कर लो, फिर नारे लगा लेना।" केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ये बात कांग्रेसियों से कही। दरअसल सीहोर जिले के बिलकिसगंज में सोमवार को एक शासकीय कार्यक्रम के दौरान तब माहौल बदल गया जब कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का काफिला रोक लिया। विरोध करने आए कांग्रेसजनों में जिले के कई वरिष्ठ नेता शामिल थे। हालांकि विरोध का अंदाज गांधीगिरी वाला था, किसी ने गमछा पहनाया, तो किसी ने गुलाब का फूल भेंट कर अपनी बात रखी।

कांग्रेसियों के बीच पहुंचे केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने चिर-परिचित मुस्कराते अंदाज में कहा "हम तो मामा हैं यार, जहां कहते हैं रुकते हैं, सबकी सुनते हैं। पहले बात कर लो, फिर नारे लगा लेना।" इस सहज जवाब ने माहौल को हल्का कर दिया। कुछ ही क्षणों में हंसी की लहर गूंज उठी और विरोध संवाद में बदल गया।

### किसानों की पुकार लेकर उतरे कांग्रेसी

इसके पहले कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल और ब्रजेश पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए थे, कांग्रेसियों का कहना था कि सीहोर जिले के किसानों को फसल बीमा और मुआवजा राशि से वंचित रखा गया है। पड़ोसी जिलों में रकम जारी हो चुकी है, लेकिन किसानों के गढ़ माने जाने वाले सीहोर की अनदेखी की जा रही है।

### किसानों की समस्याओं का विस्तृत जिक्र

पूर्व विधायक और प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शैलेंद्र पटेल ने बताया कि जिले में सोयाबीन की फसल पूरी तरह चौपट हो चुकी है। कई किसानों के खेतों में नुकसान का सर्वे भी हुआ, मगर अब तक किसी के खाते में मुआवजे की राशि नहीं पहुंची। किसानों ने बार-बार आवेदन दिए लेकिन प्रशासन ने अनसुनी कर दी।

### शिवराज ने दिलाया भरोसा, बोले-'देखता हूं समाधान'

कांग्रेस नेताओं की बात सुनने के बाद शिवराज सिंह चौहान ने तुरंत मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की फसल बीमा और मुआवजा राशि की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा, "किसानों का कोई नुकसान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, जो भी गड़बड़ी है, उसे मैं खुद दिखवाऊंगा।" उनकी यह बात सुनकर वहां मौजूद कार्यकर्ता भी संतुष्ट नजर आए।

### उम्मीद की किरण लेकर लौटे किसान

कार्यक्रम के बाद कांग्रेस नेता और किसान इस विश्वास के साथ लौटे कि उनकी आवाज आखिर मामा तक पहुंच गई है। विरोध प्रदर्शन संवाद में बदला और हंसी-मजाक के बीच किसानों की समस्याओं पर संवेदनशीलता की झलक दिखाई दी।

## अनिल मिश्रा पर हो एफआईआर दर्जः कमलेश दोहरे




**सीहोर।** मुख्यालय पर बहुजन समाज पार्टी के कार्यकताओं ने एड. कमलेश दोहरे जोन प्रभारी सागर के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। जिसमें अनिल मिश्रा ग्वालियर द्वारा बाबा साहेब डॉ आंबेडकर के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी किये जाने पर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है।

बताया जा रहा है कि आचरण ग्वालियर नामक सोशल मीडिया लाइव के दौरान अनिल मिश्रा ने संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के खिलाफ बेहद अमर्यादित और अपमानजनक टिप्पणी कर दी। बस फिर क्या था वीडियो कुलदीप धनवई की आईडी से वायरल हुआ और सोशल मीडिया पर गुस्से की आग भडक़ उठी।

डॉ. अंबेडकर के अपमान से संविधान प्रेमी, बुद्धिजीवी और अंबेडकरवादी संगठन सड़कों पर उतर आए हैं। जगह-जगह विरोध प्रदर्शन, नारेबाजी और ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी ने इसे सिर्फ एक व्यक्ति का अपराध नहीं, बल्कि संविधान और सामाजिक सौहार्द पर सीधा हमला बताया है। बीएसपी ने महामहिम राष्ट्रपति और मध्यप्रदेश पुलिस से मांग की है कि अनिल मिश्रा पर देशद्रोह, एससी/एसटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की जाए और कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। सोशल मीडिया पर भी मामला आग की तरह फैल चुका है—लोग कह रहे हैं अब चुप नहीं बैठेंगे, संविधान का अपमान नहीं सहेगा भारत। फिलहाल पूरा देश इस विवाद पर सुलग रहा है और मांग एक ही है। डॉ. अंबेडकर का अपमान करने वालों को बख्शा न जाए।

ज्ञापन सौपने वालों में प्रमुख रूप से अनोखी लाल मालवीय जिला प्रभारी, नर्मदा प्रसाद जिला प्रभारी, संजीव बौद्ध जिला अध्यक्ष, डी.बी. बड़ोदिया, साकिर अली जिला उपाध्यक्ष सीहोर, नरसिंह भारतीय जिला महासचिव बसपा, सीहोर हरि ओम बौद्ध जिला कोषाध्यक्ष, सीहोर आनंद घावरी जिला बीवीएफ संयोजक बसपा सीहोर, बटनलाल गलेरिया, लखनलाल बड़ोदिया, प्रभारी इछावर, लक्ष्मीनारायण अहिरवार विस प्रभारी सीहोर, धीरप अहिरवार विस अध्यक्ष सीहोर, जितेन्द्र मकवाना विस प्रभारी बसपा, आष्टा देवकरण कुरल विस अध्यक्ष बसपा, आष्टा अर्जुन पैरवाल विस उपाध्यक्ष आष्टा, धर्मेन्द्र बड़ोदिया, कांशीराम बर्द विस अध्यक्ष बुधनी, अर्जुन बौद्ध विस महासचिव बसपा बुधनी, रमेश धावरे, रोशन बरखने, रोहन जानपुरे, आशीष गोदरे, वीर सिंह मेहरा, मनमोहन धावरे, सरोज मालवीय, धनश्याम जाटव, थानसिंह धनराज थरेले, वीरू जाटव, सुनील मालवीय, अजय मालवीय, अनिल मालवीय, साहिल मालवीय, दुर्गेश मालवीय, धनराज मालवीय, रितेश मालवीय, राकेश मालवीय, धर्मेन्द्र कचनेरिया, राजमल सौलंकी, मुंशीलाल मालवीय, सोनू बौद्ध, अवरार ख़ान, अखिलेश मालवीय, देवराज पैरवाल, मुकेश मालवीय आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## सलकनपुर के तालाब में मिली लाश, दाहिने हाथ पर बना है 'ॐ'



**सीहोर।** जिले के प्रसिद्ध देवीधाम सलकनपुर में सोमवार सुबह श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के बीच भय और रहस्य का माहौल तब गहर गया जब मंदिर के पास स्थित तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव तैरता हुआ मिला। तालाब के शांत पानी में उभरते शव को देखकर लोगों के कदम वहीं ठिठक गए, कुछ ने तो डर के मारे मुंह फेर लिया। कुछ ही देर में यह खबर पूरे गांव में फैल गई, और हर ओर "कौन है यह व्यक्ति?" का सवाल गूंजने लगा।

ग्रामीणों के अनुसार, मृतक की उम्र करीब 40 से 45 वर्ष के बीच बताई जा रही है। सबसे खास बात यह रही कि उसके दाहिने हाथ पर 'ॐ' का निशान गुदा हुआ था, जो अब पहचान की एकमात्र कड़ी बन गया है। यही प्रतीक पूरे रहस्य को और गहराता जा रहा है। कोई कह रहा है कि वह किसी श्रद्धालु का शव हो सकता है, तो कोई इसे किसी अनहोनी या अपराध से जोड़कर देख रहा है।

पुलिस के मुताबिक, शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत होता है, जो बेलों और कचरे में उलझा हुआ मिला। सलकनपुर पुलिस ने स्थानीय स्वीपरों की मदद से शव को बाहर निकाला और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एसडीओपी रवि शर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। फिलहाल, देवीधाम सलकनपुर का शांत वातावरण सवालों से भर गया है। तालाब के किनारे अब श्रद्धालु भी ठहर कर 'ॐ' के उस रहस्य पर नजर डालते हैं — मानो वो चुपचाप कुछ कह रहा हो। गांव में चर्चा है कि क्या यह आस्था से जुड़ा कोई संकेत है या दर्दनाक हादसे की कहानी, जिसका सच अभी भी पानी के नीचे छिपा है।

## रात भर हुई बारिशः बुधनी में 42, रेहटी 31, भेरूंदा 24, इछावर 21 एमएम गिरा पानी

**सीहोर।** जिले में बीती रात मानसून सक्रिय रहा। इस दौरान बुधनी में सर्वाधिक 42 एमएम बारिश दर्ज की गई। रेहटी में 31 एमएम, भेरूंदा में 24 एमएम और इछावर में 21 एमएम वर्षा हुई। ग्राम खैरी में भी मूसलाधार बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया।जिला मुख्यालय पर रविवार रात मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। तेज बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से काफी राहत मिली।



इस साल सीहोर जिले में मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी। इसके बाद रुक-रुक कर बारिश हुई, लेकिन कई दिनों तक मानसून ब्रेक की स्थिति बनी रही। यही कारण है कि 21 जून से अब तक जिले में पिछले साल की तुलना में काफी कम बारिश दर्ज की गई है। जिले के कुल 67 तालाबों में से अब तक केवल नौ ही भर पाए हैं।

## बस कंडक्टर का बंद घर में मिला शव, पुलिस ने शुरू की जांच

**भैरुंदा।** नगर में सोमवार को एक व्यक्ति का शव उसी के बंद घर में मिलने से सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया ओर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। मामला नगर की गोपाल पटेल कॉलोनी का है, जहां बस कंडक्टर विनोद पिता रमेशचंद निवासी छापरी वर्तमान पता गोपाल पटेल कॉलोनी में उसी के घर में शव मिला। शव मिलने की जानकारी से आस पास में सन सनी फेल गई देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ पहुंची। वहीं विनोद के पिता ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। वहीं भैरूंदा पुलिस ने जांच शुरू कर दी। वहीं मिली जानकारी अनुसार विनोद दो दिन बस पर कंडक्टरी करने नहीं पहुंचा था। उनके पिता विनोद को तलाशते हुए बस स्टैंड पर पहुंचे थे जहां उन्हें बताया कि दो दिन से बस पर नहीं गया था। फिर विनोद के पिता गोपाल पटेल कॉलोनी स्थित घर पहुंचे थे। जहां विनोद की डेड बॉडी देखी।



उन्होंने इसकी जानकारी भैरूंदा पुलिस को दी। एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि सोमवार की दोपहर को मृतक विनोद के पिता ने पुलिस को सूचना दी। घर में विनोद की डेड बॉडी है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची मौका मुआयना किया शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिना अनुमति अवकाश पर न जाएं अधिकारी और कर्मचारीः कलेक्टर

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सभी विभागों के समय-सीमा वाले प्रकरणों और सीएम हेल्पलाइन में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की और समय सीमा के भीतर सभी प्रकरणों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतें प्राथमिकता से बंद कराएं। कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि अक्टूबर माह में 13 शासकीय अवकाश दिवस हैं। उन्होंने कहा कि आमजन के कार्य प्रशासन की पहली प्राथमिकता हैं, उनके कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि अक्टूबर माह में पड़ने वाले अवकाशों के कारण आमजन के कार्य बाधित न हों। उन्होंने कहा कि जिले के जिला स्तर से लेकर मैदानी स्तर तक के अधिकारी-कर्मचारी बिना अनुमति के शेष कार्यदिवसों में अवकाश पर न जाएं और अपने कार्यालयों में उपलब्ध रहें।

### क्षत्रिय दांगी कल्याण समिति ने राज्यपाल के नाम कलेक्टर को दिया मांग का ज्ञापन

# जैसीनगर का नाम परिवर्तन बर्दाश्त नहीं करेगा समाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

क्षत्रिय दांगी समाज में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सागर जिले की सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ऐतिहासिक राजा जयसिंह दांगी के द्वारा बसाए गए जैसीनगर का नाम बदल कर जयशिव नगर किए जाने की घोषणा से आक्रोश बना हुआ है। क्षत्रिय दांगी समाज कल्याण समिति के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और दांगी समाजजनों ने जिलाध्यक्ष बाबूलाल दांगी के नेतृत्व में सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर महामहीम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर स्वाति मिश्रा को दिया है।





क्षत्रिय दांगी समाज कल्याण समिति ने कहा है कि सागर जिले के जैसीनगर नगर के प्रवास के दौरान आयोजित एक सार्वजनिक सभा में इस नगर का नाम जय शिवनगर करने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की है जिससे संपूर्ण देश के दांगी क्षत्रिय समाज में अत्यंत रोष और पीड़ा आक्रोश व्याप्त है। जैसीनगर का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व अत्यंत गहन है। यह नगर 16वीं-17वीं शताब्दी में दांगी क्षत्रिय वंश के प्रतापी शासक महाराजा जयसिंह जूदेव द्वारा बसाया गया था। उन्हीं के नाम पर इस नगर का नाम जैसीनगर पड़ा। आज भी इस क्षेत्र में दांगी क्षत्रिय समाज की बहुलता है और उनके द्वारा निर्मित अनेक ऐतिहासिक धरोहरें इस नगर में मौजूद हैं। यह धरोहरें समाज के गौरवशाली इतिहास एवं विरासत की साक्षी है। इस नगर का नाम परिवर्तन अत्यंत खेदजनक है और बिना जन सहभागिता, बिना स्थानीय लोगों की राय लिए और बिना इतिहास का सम्मान किए नाम बदलने की घोषणा कर दी गई। यह न केवल दांगी समाज के गौरव महाराज जयसिंह जूदेव का अपमान है, बल्कि समाज के स्वाभिमान को भी ठेरा पहुंचाने वाला कदम है। क्षत्रिय दांगी समाज जैसीनगर का नाम परिवर्तन बर्दास्त नहीं करेगा,सरकार राजा जयसिंह दांगी के इतिहास से छेड़छाड़ नहीं करे। अगर नाम बदलना जरूरी है तो जयसिंह नगर या जयसिंहपुर रखा जाए, जिससे इतिहास एवं सम्मान दोनों का संरक्षण होगा। मांग नहीं मानी गई तो सम्पूर्ण दांगी क्षत्रिय समाज इस निर्णय के विरोध में प्रदेश व्यापी आंदोलन करेगा, मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

प्रदर्शन में अध्यक्ष पटेल बाबूलाल दांगी, उपाध्यक्ष रणजीत सिंह दांगी,विनय सिंह दांगी,युवा अध्यक्ष महेंद्र सिंह दांगी,सचिन दांगी,रामेश्वर,जीवन सिंह, कृपाल सिंह, तीरथ सिंह,,राजेंद्र सरदार घनश्याम सरदार, डॉ रघुवीर सिंह दांगी,जीवन सिंह, बलवान सिंह,अरविंद सिंह,सुरेंद्र दांगी, विक्रम सिंह, प्रीतम, बनेसिंह, संतोष, बने सिंह, हिरदेश, मनोहर दांगी, ओमप्रकाश दांगी, राजपाल दांगी, हुकुम सिंह पटेल, लक्ष्मण सिंह, प्रदीप सरपंच, जगदीश दांगी, नर्मदा प्रसाद,एलम दांगी, हिरदेश सरपंच, जीवन सिंह, गंभीर सिंह दांगी, हरदयाल दांगी,रघुनाथ सिंह दांगी, भीकम सिंह, मांगीलाल दांगी, विक्रम सिंह, मनोहर सिंह, कृपाल सिंह दांगी,जीवन सिंह, सोनू दांगी, जितेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह,श्याम सिंह दांगी,राजकुमार दांगी,वीरेंद्र सिंह, भूपेद्र सिंह दांगी, किशोर दांगी, मोहन दांगी, सिमर दांगी आदि शामिल रहे।

## दलित बस्तियों में सामुदायिक भवन व बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग की

**सीहोर।** अ.जा.ज.पि.वर्ग अल्पसंख्यक कल्याण परिषद के प्रदेश महामंत्री नरेन्द्र खंगराले जाटव, दलित चिंतक, गुरु रविदास जांगड़ा समाज समिति के अध्यक्ष रामचरण दसलानिया रिटा.प्राचार्य, खटीक सोनकर समाज के प्रतिनिधि दीप सोनकर, मालवीय बलाई समाज कार्यकर्ता प्रेमनारायण परमार, पूर्व सरपंच नन्दकिशोर मालवीय, प्रतिनिधि मण्डल ने नगर पालिका परिषद के लोकप्रिय अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्ता को ज्ञापन सौंपकर सीहोर नगर पालिका परिषद की दलित बस्ती वार्ड क्रं. 2 इंदिरा बायपास रोड पर स्थित संत शिरोमणी रविदास गुरुजी की धर्मशाला की बाउण्ड्रवॉल निर्माण एवं वार्ड क्रं. 11 के अम्बेडकर पार्क की मरम्मत एवं रविदास मंदिर के सामने जाटव समाज के जरर्जर भवन को तोडक़र सामुदायिक भवन खटीक मोहल्ले का सामुदायिक भवन, अम्बेडकर धर्मशाला के सामने केलादेवी माता मंदिर एवं दरगाह की बाउण्ड्रीवॉल निर्माण तथा माता मंदिर चौराहे से डॉ. अम्बेडकर पार्क तक कीचड़ युक्त जर्जर सडक़ निर्माण की मांग की गई। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर द्वारा खंगराले के साथ मिले दलित प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त करते हुए शीघ्र ज्ञापन में उल्लेखित निर्माण कार्यों को कराने का आश्वासन देते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीहोर को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रामदुलारे सोनकर, दयाराम गवाटिया, नन्दकिशोर मालवीय, बद्री दशवंत, राहुल सोनकर, रामगोपाल बनवारी, रामसिंह पेरवाल, देव सिंह तमोलिया, कमल सूर्यवंशी, टीटू कचनेरिया, सुन्दरलाल सोनकर, माखन सिंह सिलोरिया, दिलीप सिंह सूर्यवंशी, एस.के.फरेला, धर्मप्रकाश आर्य, पन्नालाल खंरगाले, पन्नालाल परचौले, सीतराम सोनकर, राकेश जाटव, सोनू जाटव सहित बड़ी संख्या नागरिकगण उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



## नवागत जिला पंचायत सीईओ ने किया पदभार ग्रहण

**सीहोर।** भारतीय प्रशासनिक सेवा की 2020 बैच की आईएएस अधिकारी सर्जना यादव ने सीहोर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। आईएएस अधिकारी सर्जना यादव सीहोर पदस्थापना से पहले जबलपुर में अपर कलेक्टर के पद पर पदस्थ थीं। पदभार ग्रहण करने से पहले उन्होंने कलेक्टर बालागुरू के. से भेंट की। पदभार ग्रहण करने के बाद सर्जना यादव ने जिला पंचायत के अधिकारियों की बैठक लेकर सभी से परिचय प्राप्त किया तथा जिले में चल रहे पंचायत तथा ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की जानकारी ली।

## समग्र पोर्टल में आधार ई- केवाईसी अनिवार्य

**सीहोर।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं में समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। अब किसी भी हितग्राही को विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए समग्र पोर्टल पर स्वयं का आधार ई-केवायसी करना होगा। समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी के बाद ही विभागीय पोर्टल पर आवेदन दर्ज हो सकेगा। जिन योजनाओं में ऑनलाइन प्रणाली नहीं है, उनमें आवेदन को स्वीकृत करने से पहले संबंधित स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा समग्र पोर्टल पर आधार ई-केवायसी की पुष्टि की जायेगी। पुष्टि के बाद ही नियमानुसार स्वीकृति प्रदान की जायेगी। विभाग की सभी योजनाओं में आधार ई-केवायसी अनिवार्य करने, बैंक खाता आधार लिंक और डीबीटी सक्रिय कराने के निर्देश दिये है। हितग्राहियों तक ई-केवायसी सुविधा पहुँचाने के लिए समग्र सामाजिक सुरक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित सेवा प्रदाता एजेंसी और जिला/ सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधकों से समन्वय कर ग्राम पंचायत या वार्ड स्तर पर शिविर लगा कर अधिक से अधिक हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी सुनिश्चित करें। ग्राम पंचायत सचिव और वार्ड प्रभारी द्वारा भी समग्र पोर्टल पर हितग्राहियों का आधार ई-केवायसी किया जा सकता है।

### जिले भर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन निकला, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

# 100 वर्ष का हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नगर में उत्साहपूर्ण अनुशासन में निकला पथ संचलन

आयोजित पथ संचलन में बालक, युवा से लेकर प्रौढ़ स्वयंसेवक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए । इस दौरान वयोवृद्ध स्वयंसेवकों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूर्ण होने पर रविवार को नगर में स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक और अनुशासन तरीके से पथ संचलन निकाला। घोष की धुन पर पूर्ण गणवेश में कदमताल करते हुए सैकड़ों स्वयंसेवकों ने करीब एक किमी के पथ संचलन में भाग लिया । पथ संचलन को देखने के लिए लोग सड़क किनारे उमड़े। नागरिकों ने कालोनियों में गली किनारे तथा छतों से पुष्प वर्षा कर पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। जगह-जगह तोरणद्वार व रंगोलियां बनाई गई थी। सड़कों की सफाई के साथ कई स्थानों पर बिजली के खंभों पर संघ के शताब्दी वर्ष को पेंट से उल्लेखित किया गया था। आयोजित पथ संचलन में बालक , युवा से लेकर प्रौढ़ स्वयंसेवक भी बड़ी संख्या में शामिल हुए । इस दौरान वयोवृद्ध स्वयंसेवकों का उत्साह देखते ही बन रहा था। शताब्दी वर्ष की अनुभूति हर स्वयंसेवक में नई ऊर्जा व दायित्व का बोध करा रही थी। आयोजित पथ संचलन सरस्वती शिशु मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते स्कूल पहुंच कर समाप्त हुआ। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में मौजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक एक साथ कदमताल मिलाते हुए चल रहे थे।

गौरतलब है कि विजयादशमी पर वर्ष 1925 में नागपुर में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। कार्यक्रम में बौद्धिक मुख्य वक्ता विभाग सह कार्यवाह रुपेश विश्वकर्मा ने कहा कि संघ की 100 वर्षो की यात्रा पूर्ण हुई है । संघ का कार्य जिस प्रकार समाज परिवर्तन की दिशा मे कार्य कर रहा है , वह विश्व के लिए प्रेरणा स्त्रोत बना हुआ है। हमें इस शताब्दी वर्ष में घर-घर तक पहुंच कर पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी जीवन शैली, नागरिक कर्तव्य, जैसे विषयो पर काम करना है। हमारी शक्ति किसी को डराने के लिए नहीं बल्कि आत्मरक्षा के लिए है । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हिंदू समाज को संगठित करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। पथ संचालन संघ के अनुशासन और एकता का प्रतीक है। स्वयंसेवकों द्वारा घोष की धुन पर कदमताल करते हुए इस आयोजन ने एकजुटता और संगठन की शक्ति का प्रदर्शन किया। यह केवल एक शोभायात्रा नहीं, बल्कि संघ के आदर्शों और मूल्यों का जीवंत चित्रण था। समाज को यह संदेश दिया गया कि जब व्यक्ति अपने व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर समाज और राष्ट्र के लिए कार्य करता है, तो वह राष्ट्र के विकास में योगदान देता है।

## जो सकरात्मकता न छोड़े वो स्वयंसेवक : रामवीर



**भैरूंदा ।** सोमवार को नगर में संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित पथ संचलन में अनेकों स्वयंसेवको ने कदमताल किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अथिति रिटार्यड डिप्टी कलेक्टर लाल शाह, जिला संघचालक, खण्ड संघचालक एवं मुख्य वक्ता रामवीर प्रान्त सह व्यवस्था प्रमुख जी द्वारा शस्त्र पूजन किया गया,इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रामबीर प्रान्त सह व्यवस्था प्रमुख जी ने बताया कि संघ कार्य विगत 100 वर्षों राष्ट्रीय भाव को लेकर और अनुशाषित होकर निस्वार्थ रूप से कार्य कर रहा है। आज अनेको सेवा कार्यों के माध्यम से समाज का एकीकरण कर सुद्रढ़ समाज का निर्माण आज संघ कर रहा है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखाएं पूरे देश और विश्व के कोने-कोने में मौजूद हैं। उन्होंने संघ को व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की कार्यशाला बताया। संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार की सोच का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य देश की एकता और अखंडता को मजबूत कर भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाना था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की इस सौ वर्ष की यात्रा में असंख्य लोगों का सहयोग रहा है। उन्होंने इस यात्रा को परिश्रमपूर्ण और कुछ संकटों से घिरा बताया, लेकिन सामान्य जनों के समर्थन को इसका सुखद पक्ष कहा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 27 सितंबर 1925 को विजयदशमी के दिन डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में की थी। संघ का उद्देश्य भारत को पुनः विश्वगुरु बनाना और राष्ट्र के प्रति समर्पित करना है। संघ ने अपने स्थापना काल से ही समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन,पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य,स्वदेशी ये पंच परिवर्तन के माध्यम से सामाजिक बदलाव की बात भी कही। पथ संचलन में नगर के विभिन्न मार्गों पर पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवको का स्वागत किया गया।



### संघ का शताब्दी वर्ष पथ संचलन, घोष की थाप पर निकले स्वयंसेवक : पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



**रेहटी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर नगर रेहटी में विशाल पथ संचलन निकाला गया इसमें लगभग 700 से अधिक स्वयंसेवकों को ने भाग लिया सभी स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में घोष की धुन पर अनुशासन के साथ मार्च करते नजर आए, संचलन की शुरुआत रेहटी कृषि उपज मण्डी प्रांगण से होते हुए हॉस्पिटल गेट, बस स्टैंड, होते हुए नए बस स्टैंड से मालीपुरा,बजरंग चौक से होली टेकरा, गांधी चौक होते हुए मालवा कॉलोनी से मण्डी प्रांगण में संपन्न हुआ करीब 3 किलोमीटर इस संचलन में नगर के चारों ओर से स्वयंसेवक शामिल हुए मार्ग में जगह-जगह महिलाओं कन्याओं युवाओं और बुजुर्गों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, अनेक सामाजिक एवं मातृशक्ति संगठनों ने भी तोरण द्वार, रंगोली बनाकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया पूरे नगर में सड़कों की सफाई कर सजाया गया, नगर की सभी बस्तियों की सहभागिता रही। मुख्य कार्यक्रम मण्डी प्रांगण में संपन्न हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता कथावाचक पंडित शुभम तिवारी पांगरा द्वारा संघ की भूमिका रखी गई और कहा कि रामायण में जामवंत जी का काम हनुमान जी को अपनी शक्ति याद दिलाने का था, वह काम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज को शक्ति याद दिलाने का कार्य करता है,रेहटी खंड के माननीय खंड संघचालक जी सचिन जी माहेश्वरी की उपस्थिति रही यहां प्रांत के घुमंतू कार्य प्रमुख लखन जी विश्वकर्मा ने स्वयं सेवकों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि संघ का हर स्वयंसेवक राष्ट्र के लिए समर्पित है यह पथ संचलन संगठन की शक्ति, चरित्र और समाज को संगठित करने के संकल्प को मजबूत करता है, और उन्होंने पंच परिवर्तन को समाज जीवन में अपनाने का आवाहन किया।

## प्रत्येक हिंदू परिवार से एक व्यक्ति को गणवेश धारण करना चाहिए



**सीहोर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर सीहोर में बस्ती सह पथ संचलन तीन स्थान से प्रथम स्थान मुखर्जी एवं ब्रह्मपुरी बस्ती का पथ संचलन सेवा भारती कार्यालय नदी चौराहा, द्वितीय स्थान झूलेलाल एवं शिवाजी बस्ती का संचलन सिंधी कॉलोनी एवं तृतीय स्थान दीनदयाल एवं चाणक्यपुरी बस्ती का संचलन विशाल मेगा मार्ट चाणक्यपुरी से होते हुए बस्तियों में भ्रमण किया गया। इन कार्यक्रमों में अध्यक्षता सत्येंद्र शर्मा समाजसेवी, रमेश आहूजा सिंधी समाज सेवक, सुश्री शालिनि वर्मा राष्ट्रीय मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, अतिथि रमाकांत रिछारिया, मुख्य वक्ता भारत सोनी नगर संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर सीहोर, शाश्वत सक्सेना जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिला सीहोर एवं प्रताप मेवाड़ा नगर कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर सीहोर उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता शालिनी वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि संघ के स्वयंसेवक निष्ठावान, ईमानदार और संकल्प पूरा करने वाले होते हैं एक बार जो संकल्प ले लेते हैं उसको पूरा करते हैं संघ पर तीन प्रतिबंध लगे इसके बावजूद संघ के स्वयं सेवक अपना कार्य करते रहे और आज 100 वर्ष पूर्ण होने के बाद भी संघ कार्य सतत चल रहा है वक्ता भारत सोनी ने कहा कि भारत 'वसुधैव कुटुंबकम' की संकल्पना में विश्वास करता है। चूँकि भारत दुनिया का ही एक हिस्सा है, अतः भारत प्रगति करता है तो ऐसा करके वह दुनिया की प्रगति में भी योगदान देता है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में वैश्वीकरण का बहिष्करण नहीं किया जाएगा अपितु दुनिया के विकास में मदद की जाएगी। नगर कार्यवाह ने कहा कि 1925 में जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई थी, तब न कोई पद था, न कोई नेता, न कोई सचिव, फिर भी संघ अपने विचारों के प्रति निष्ठावान रहा और वटवृक्ष के रूप में संघ का पौधा तैयार किया। यह एक जैविक घटना है। संघ भारत की एकता और अखंडता के लिए कार्य करता रहा है। शाखा ही संघ की शक्ति है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर बस्ती के मुख्य मार्गो से होते हुए पथ संचलन निकला। संघ के यह 100 वर्ष प्रत्येक स्वयंसेवक के त्याग परिश्रम अनुशासन से युक्त है। प्रत्येक स्वयंसेवक के कार्य कुशलता के आधार पर संघ आज अपने 100 वर्ष पूर्ण कर पाया है। मुख्य वक्ता सीहोर जिला प्रचारक ने संघ की 100 वर्षो की यात्रा कीस प्रकार पूर्ण हुई है संघ का कार्य किस प्रकार समाज परिवर्तन की दिशा मे कार्य कर रहा है। भारत से प्रेरणा आज पूरा विश्व पा रहा है। पंच परिवर्तन- सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी जीवन शैली, नागरिक कर्तव्य, जैसे विषयो पर स्वयंसेवकों के बिच मे रखा।

## 2 हार्वेस्टर, 500 ट्रैक्टर के साथ सैकड़ों किसानों ने आक्रोश रैली निकाली



**भैरूंदा।** सोमवार को किसान स्वराज संगठन के तत्वधान में 500 ट्रैक्टर व 2हार्वेस्टर के साथ नगर में सैकड़ों किसानों ने आक्रोश रैली निकलकर सरकार के लिखाफ मोर्चा खोल दिया। यह किसान आक्रोश रैली नगर की कृषि ऊपज मण्डी से 1बजे प्रारम्भ हो कर नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए पुनः कृषि ऊपज मण्डी पहुंची। मुख्यमंत्री व केंद्रीय कृषिमंत्री के नाम किसानों की मांगों को लेकर एसडीएम सुधीर कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान विशाल ट्रैक्टर वाहन रैली का सामाजिक संगठनों ने फूलों की वर्षाकर स्वागत किया तो वहीं कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने भी दुर्गा मंदिर चौराहा पर रैली का फूलो से स्वागत किया गया। इस दौरान प्रदेश सचिव व युवा कांग्रेस प्रभारी विक्रम मस्ताल शर्मा के नेतृत्व में तीनों ब्लाक भैरूंदा, गोपालपुर, लाड़कई के मंडलम अध्यक्ष द्वारा स्वागत किया गया।



**हार्वेस्टर व ट्रैक्टरो के साथ सैकड़ों किसानों ने नगर में निकाली आक्रोश रैली :** भैरुंदा तहसील के किसानों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। किसान स्वराज संगठन के तत्वावधान में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र के किसान ट्रैक्टरों के साथ कृषि ऊपज मण्डी पहुंचे। जहां से नगर की सड़कों पर रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि इस वर्ष अतिवृष्टि के कारण सोयाबीन की फसल पूरी तरह चौपट हो गई है, सरकार की बीमा राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। वहीं सीहोर जिले के किसानों को राहत राशि नहीं मिलना किसानों के साथ छल किया गया है। किसानों का कहना प्रदेश सरकार ने हरदा, देवास, शाजापुर, सहित अन्य जिलों के प्रभावित किसानों के खाते में राहत राशि डाली, लेकिन सीहोर जिले के किसानों वंचित कर दिया। इससे किसानों ने सरकार के लिखाफ आक्रोश जताया। किसानों की प्रमुख मांगों में अतिवृष्टि, कीट और वायरस से नष्ट हुई फसलों का तत्काल सर्वे कर मुआवजा प्रदान करना शामिल है। इसके अतिरिक्त, भावांतर योजना को समाप्त कर सभी फसलों की खरीदी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर करने व 2018 के भावांतर की बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की गई।

किसान संघ का कहना है कि प्रत्येक पंचायत स्तर पर डीएपी तथा यूरिया की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके अलावा मक्का की खरीदी एसपी (समर्थन मूल्य) पर करने, भूमि अधिग्रहण बल के मामलों में उचित मुआवजा देने और बिजली विभाग द्वारा किसानों पर बनाए गए कथित झूठे प्रकरणों को समाप्त करने की मांग की इस दौरान किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारियों के साथ भैरुंदा एसडीएम सुधीर कुशवाहा, तहसीलदार सौरभ शर्मा, एसडीओपी रोशन कुमार जैन, थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी, सहित सभी संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का किया स्वागत

# गुरु टेकचंद जी महाराज का 214वां समाधि उत्सव मनाया, नगर में निकाली शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

दामोदर दर्जी माहेश्वरी समाज द्वारा सोमवार को अपने आराध्य देव भगवान टेकचंद महाराज का 214 वां समाधि उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर नगर में धार्मिक आयोजन करने के साथ ही शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। शोभायात्रा पर जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा सब्जी बाजार स्थित आजाद चौक से आरंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुई हनुमान मंदिर धर्मशाला पहुंची। जहां एक विशाल भंडारे का आयोजन कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

चल समारोह में आगे - आगे डीजे और बैंड़ बाजे पर भक्ति गीत बज रहे थे। पीछे महिलाएं , बच्चे और पुरुष नाचते गाते चल रहे थे। भगवान टेकचंद की भव्य झांकी सजाई गई थी। जो दर्शकों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। समाजजनों ने अपने आराध्य देव की पूरी आस्था और श्रद्धा से पूजा अर्चना की। नगर में जगह जगह लोगों ने शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### स्वयंसेवक न डरा, न रुका, लक्ष्य सत्ता नहीं, चरित्र निर्माण है - प्रांत कार्यवाह हेमंत

# त्याग और तप की अखंड साधना से संघ ने पूरी की सौ वर्ष की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष अवसर पर रविवार को ब्यावरा नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं संघ के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया ने कहा कि संघ की सौ वर्षों की यात्रा तप, त्याग और साधना की यात्रा है। अनेक दमन, उपहास और प्रतिबंधों के बावजूद संघ का स्वयंसेवक न कभी डरा, न रुका, न थमा। नगर में स्वयं सेवकों द्वारा निकाले गए पथ संचलन का नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। आयोजित पथ संचलन में आठ बस्तियों के स्वयंसेवकों ने अनुशासित पंक्तियों में भाग लिया।

सभी दल पीपल चैराहा पर एकत्र हुए, जहाँ से सामूहिक संचलन प्रारंभ हुआ। कदमताल करते स्वयंसेवक क्लब ग्राउंड पहुंचे, जहाँ मुख्य उद्बोधन हुआ। नगर के अनेक स्थानों पर स्वयंसेवकों का पुष्पवर्षा और स्वागत किया गया। पूरा नगर राष्ट्रभक्ति और संगठन की भावना से ओतप्रोत नजर आया। स्वयंसेवकों के कदमताल, अनुशासन और उत्साह ने माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया।

#### मूल भूलने से आई दुर्बलता

इतिहास के संदर्भ में उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति असफल हुई, पर सावरकर से लेकर सुभाष चंद्र बोस तक क्रांति की श्रृंखला जारी रही। हमारी कमजोरी यह रही कि हम अपने वेद-पुराण आधारित मूल संस्कारों को भूल गए। संघ ने समाज को उसके मूल स्वरूप और सनातन जीवनदृष्टि की ओर लौटाने का कार्य किया है।

#### व्यक्ति देशभक्त और चरित्रवान नहीं होगा, राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता

प्रांत कार्यवाह सेठिया ने कहा कि संघ का उद्देश्य सत्ता प्राप्त करना नहीं, बल्कि चरित्रवान व्यक्ति निर्माण कर राष्ट्र का उत्थान करना है। व्यक्ति जब राष्ट्र के प्रति समर्पित और नीति-निष्ठ होती है, तभी देश का संचालन सशक्त रूप से हो सकता है। उन्होंने कहा "जब तक व्यक्ति देशभक्त और चरित्रवान नहीं होगा, तब तक राष्ट्र सशक्त नहीं हो सकता।" इस वर्ष गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान के 350 वर्ष भी पूरे हो रहे हैं। गुरु परंपरा ने सदैव समाज को दिशा दी है। असंख्य पीढ़ियों ने इस संस्कृति की रक्षा के लिए अपना जीवन अर्पित किया है।

#### संघ पर दमन, फिर भी दृढ़ संकल्प



सेठिया ने कहा कि डॉ. हेडगेवार ने 1925 में जब एक कमरे में संघ की स्थापना की, तब यह विचार किया कि आजादी के बाद देश एकजुट कैसे रहेगा। महात्मा गांधी की हत्या के बाद संघ पर प्रतिबंध लगाया गया, हजारों स्वयंसेवकों को जेल में डाला गया, परंतु संघ कुंदन बनकर निकला। 1962 के भारत-चीन युद्ध में संघ की भूमिका पर सरकार ने गणतंत्र दिवस परेड में संघ को आमंत्रित किया। आपातकाल में भी हजारों स्वयंसेवक जेल गए, लेकिन संघ नहीं झुका।

#### संघ कार्य सात्विक प्रेम और समरसता पर आधारित

उन्होंने कहा कि संघ का कार्य शुद्ध सात्विक प्रेम और सामाजिक समरसता पर आधारित है। आज समाज संघ के साथ कदमताल कर रहा है। "हिंदू एक नहीं हो सकते" यह मिथक संघ ने तोड़ा है। मत अलग हो सकते हैं, लेकिन मन में भेद नहीं होना चाहिए। यही संघ की भावना है।

#### संघ के 100 वर्षों के लक्ष्य पांच परिवर्तन

सेठिया ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष में समाज में पाँच प्रमुख परिवर्तन लाने का लक्ष्य है - स्व का बोध और स्वाभिमान जागरण, सामाजिक समरसता का विस्तार, स्वदेशी जीवनशैली का प्रचार, पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण, नागरिक कर्तव्य बोध का प्रसार। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण हो चुका है, अब समय है भगवान राम के जीवन मूल्यों को समाज में उतारने का। समाज में फैली खाई को पाटना और समरसता का भाव जगाना ही सच्चा राष्ट्रकार्य है।

#### स्वदेशी, पर्यावरण और स्वावलंबन पर बल

सेठिया ने कहा कि भारत मांगने वालों का नहीं, बल्कि दानदाताओं का देश है। खेती स्वाधारित और विषमुक्त होनी चाहिए। जल, पेड़-पौधों और पर्यावरण का संरक्षण आज के समाज की प्राथमिकता बननी चाहिए। हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए समाज के प्रति जवाबदेही निभानी होगी।

#### निरंतर आगे बढ़ने का संकल्प

अंत में उन्होंने कहा कि यह समय अनुकूल है कृ जिस क्षितिज को पाने के लिए संघ चला था, वह अब सामने है। "चरैवेति चरैवेति" की भावना से समाज को आत्मगौरव और परम वैभव के मार्ग पर आगे बढ़ाना ही संघ की दिशा है।

# सीएमओ की सफाई व्यवस्था से नपा अध्यक्ष संतुष्ट नहीं, लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुना




शहर की स्वच्छता व्यवस्था के संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी मंजुषा खत्री को पत्र लिखकर लेख किया है कि विगत तीन माह में लगातार कई बार मौखिक रूप से अवगत कराने के पश्चात तथा पार्षदों व आम नागरिकों द्वारा शिकायत करने के बाद भी विगत दो तीन माह से शहर की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हो पा रही है। विगत माह सम्माननीय जैन समाज द्वारा भी इस संबंध में विरोध दर्ज कराया गया था, उसके बाद भी सुधार नहीं हो पा रहा है। समाचार पत्रों में भी लगातार स्वच्छता के संबध में निगेटिव समाचार आने से नगर पालिका गुना की छवि धूमिल हो रही है। विगत तीन वर्षों में जो भी सीएमओ गुना नगर पालिका में रहे हैं, तब भी ऐसी स्थिति निर्मित नहीं हुई और न ही इतने शाखा परिवर्तन आदेश किसी भी सीएमओ द्वारा जारी किए गए जितने आदेश विगत तीन-चार माह में जारी किए गए। संविदा श्रमिकों को इतनी जवाबदारी किसी भी सीएमओ ने नहीं दी।

वर्तमान में देखने में आ रहा है कि किसी भी वार्ड के दरोगा को बदल दिया जाता है, सफाई कर्मचारियों को बिना किसी संज्ञान के इधर से उधर कर गया है, जिससे पार्षदों में भी असंतोष है। स्वास्थ्य अधिकारी का चार्ज आदेश दिनांक 1/9/ 2025 को नितिन चंदेल उपयंत्री को दिया गया था, जिसे बदलकर अब नया आदेश दिनांक 3/10/2025 को स्वास्थ्य अधिकारी का प्रभार शिवराज सिंह सिकरवार (यूडीसी ) को दिया गया है। इसी प्रकार संविदा श्रमिक अमन सोनी को वाहन प्रभारी का चार्ज दिया गया था, विगत दो माह पूर्व फर्जी हस्ताक्षर कर ट्रांसफर आदेश सीएमओ की तरफ से जारी करने के आरोप में अमन सोनी को बर्खास्त कर दिया गया। इसके बाद भी संविदा श्रमिक को जवाबदारी देने के आदेश जारी किए जा रहे हैं, डिफेंस जादौन को निकाय की चार शाखाओं का प्रभार दिये जाने के आदेश जारी किये गए जिनमें पीडब्लूडी शाखा, डीजल पेट्रोल शाखा,फायर ब्रिगेड शाखा तथा अतिक्रमण शाखा में स्पॉट फाइन में रखा गया है, जबकि इसके पूर्व एक भी शाखा में कोई भी जबावदारी नहीं दी गई थी। नियमित कर्मचारियों, अधिकारियों की अनदेखी की जा रही है, इस संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष से कोई बात भी नहीं की जा रही।

# संघ का पथ संचलन निकाला, नगर में गूंजे राष्ट्रभक्ति के जयघोष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

समीप लीमाचैहान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में रविवार को भव्य पथ संचलन निकाला गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश नारायण खजुरिया ने की, जबकि प्रमुख वक्ता के रूप में विश्वास जी (खंड प्रचारक) उपस्थित रहे। पथ संचलन का शुभारंभ काशी विश्वनाथ धर्मशाला से हुआ, जो लीमाचैहान के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकला। स्वयंसेवक पारंपरिक गणवेश में कदमताल करते हुए देशभक्ति के नारे लगाते चले। मार्ग में नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर संघ के स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक, नागरिक एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। वक्ता विश्वास ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ का उद्देश्य राष्ट्र की एकता, संस्कृति और सेवा भावना को सशक्त बनाना है। अंत में प्रार्थना के साथ संचलन का समापन हुआ।

### शुरुआती दौर में गैस एवं लालटेन के उजाले में रामलीला

# नगर की रामलीला का अपना महत्वपूर्ण इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

चौपड़ा बाजार बांके बिहारी मंदिर के यहां पर श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के द्वारा रामलीला का मंचन शुरू हुआ था जो विगत 53 वर्षों से निरंतर जारी है।तत्कालीन समय में चैपड़ा बाजार में गणेश मंडल के नाम से झांकियां बनाई जाती थी, जिसके अध्यक्ष श्रीनाथ बरोंज व कोषाध्यक्ष बद्रीलाल करोड़िया थे।

उस दौरान झांकियां के खर्च पर राशि कीआवश्यकता अधिक पड़ने लगी, तब रामेश्वर तिवारी, महेंद्र शर्मा एवं शंभू चैरसिया नामक युवक जो झांकी में सहयोगी थे, वह स्वर्गीय श्रीनिवासदास वैध के पास चर्चा करने गये तब वैद्य ने बिना खर्च के नवीन रास्ता बताया कि प्रसिद्धि भी मिलेगी, रामलीला करो उसमें पैसा अपने आप आएगा और नगर के शिक्षक स्वर्गीय बालमुकुन्द दॉंती मास्टर को बुलाया तथा आपस में चर्चा कर तय हुआ कि रामलीला शुरू करे नवरात्रि में दशहरे तक परंतु समान की आवश्यकता रामलीला में पड़ेगी तो दॉंती मास्टर ने कहा कि पीपल्दा की रामलीला बंद हो चुकी है। सामान वहां से आ जावेगा। इस दौरान नगर के कुछ बुद्धिजीवी वर्ग के नागरिकों ने मीटिंग में रामलीला करना तय किया और सन 1973 से चैपड़ा बाजार में बांके बिहारी जी के मंदिर के समक्ष रामलीला प्रारंभ हुई। जिसमें राम का किरदार रामेश्वर तिवारी, लक्ष्मण - स्वर्गीय डॉक्टर गिरीश वैध , सीता - -गिरधारी योगी , हनुमान - स्व रमेशचंद्र शर्मा मास्टर , रावण - पूर्व विधायक स्वर्गीय नारायण सिंह पवांर सहित स्वर्गीय ओंकारलाल शर्मा, सालिगराम मिश्रा, श्रीलाल महाराज, बंशीधर मास्टर, प्रहलाद भावसार परोलिया, प्रहलाद भावसार होटल वाले, हीरालाल कुशवाह, करेड़ी वाले पटवारी इन लोगों ने पात्र के रूप में रामलीला की नींव बनकर शुरुआत की।

शुरूआती दौर में विधुत का अभाव था ऐसे में गैस एवं लालटेन के उजाले में तथा यहां तक कि दर्शनार्थी अपने बैठने की व्यवस्था याने बिछाने का साथ लेकर आते थे। अध्यक्ष पद पर श्रीनाथ बरोंज जो कि तत्कालीन समय में आर्थिक रूप से मदद करते थे। मांगीलाल करोड़यिा, बद्रीलाल करोड़यिा एवं वर्तमान में पूर्व नपाध्यक्ष दिनेश पुरोहित रामलीला मण्डल के अध्यक्ष है। राम राजतिलक के समय मण्डल के सबसे वरिष्ठ 88 वर्षीय सदस्य सेवानिवृत्त शिक्षक बद्रीनारायण आचार्य , संचालनकर्ता 82 वर्षीय मोहनलाल पुष्पद का साल फुल माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया तथा व्यास गादी बालमुकुंद वैष्णव , गोपाल आचार्य , देवीलाल चैहान का माला पहनाकर स्वागत किया। राम बारात के भोजन की व्यवस्था खाड़ी सेवादल समिति द्वारा तथा विगत दस वर्षों से राजतिलक में फुल माला कि व्यवस्था समाजसेवी दिनेश जमींदार करते हैं एवं राम बारात कुशवाहा मोहल्ला श्री राम मंदिर से शुरू की गई । रामलीला प्रारम्भ हुई तो एक माह तक दिखाई जाती थी कुछ वर्षों से 16 दिवसीय आयोजन होता है।

### निर्मल जैन प्रचार मंत्री नियुक्त

# श्री बड़माता मंदिर ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने की नई नियुक्तियां



सारंगपुर। श्री बड़माता मंदिर संस्थान ट्रस्ट (रजि.) मुंडवा, जिला नागौर (राजस्थान) के नव निर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार लोढ़ा (जैन) ने सकल जैन समाज सारंगपुर के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा (जैन) को पुनः मंत्री नियुक्त करते हुए देशभर में प्रचार-प्रसार का कार्य सौंपा है।उल्लेखनीय है कि ओसवाल लोढ़ा गोत्र की कुलदेवी मातारानी श्री बड़माता जी का मंदिर राजस्थान के नागौर जिले में स्थित है। यह प्राचीन मंदिर विशाल धर्मशालाओं और निःशुल्क भोजनशाला के लिए प्रसिद्ध है। हजारों वर्ष पुराने इस मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ शीघ्र होने जा रहा है। नव निर्वाचित अध्यक्ष राजकुमार लोढ़ा ने वर्तमान में तीन पदाधिकारियों की घोषणा की है जिसमें महामंत्रीरू प्रकाशचंद लोढ़ा नाडसर, राजस्थान कोषाध्यक्ष अशोक सुवालाल लोढ़ा (पुणे) मंत्रीरू निर्मल लोढ़ा (जैन) सारंगपुर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद मेघराज जैन, राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, तथा सकल जैन समाज के मंत्री सुधीर श्रीमाल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं।

### वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को भोजन करवाकर मनाया जन्मदिवस



राजगढ़। जन्मदिवस, विवाह वर्षगांठ इत्यादि अवसरों पर लोग रेस्टोरेंट, पर्यटन स्थलों पर पहुंचकर विशेष दिन को सेलीब्रेट करते हैं। लेकिन नगर के कुछ सेवाभावी गोसेवकों द्वारा रविवार को भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी पंडित आशीष हरिचरण तिवारी का जन्मदिवस वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के बीच पहुंचकर मनाया गया। अपनों के प्यार से वंचित वृद्धजनों को परायों से प्रेम एवं स्नेह मिलने पर वे भाव-विभोर हो उठे। इस अवसर पर मां जालपा गौशाला समिति के सदस्यों ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को न केवल भोजन करवाया बल्कि भविष्य में किसी भी तरह की आवश्यकता पड़ने पर उनसे संपर्क करने की बात भी कही। समिति अध्यक्ष चेतराम गुर्जर, उपाध्यक्ष देवसिंह, सचिव कुलदीप, दीपक पिपलोटिया, महेश गुर्जर, अभिषेक तंवर, सुनील नायक मौजूद रहे।

# आरएसएस का 100 वर्ष पूर्ण होने पर निकला पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर



मंडल जमुनिया गोप चैहान के ग्राम माना में निकाला पथ संचलन वर्ष 1925 में विजयदशमी के दिन डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार जी द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर 101 वे वर्ष में प्रवेश किया। इस अवसर पर मंडल स्तर पर संचलन आयोजित हुआ पूर्ण गणवेश में स्वयंसेवकों की वाहिनी ध्वज वाहिनी घोष की धुन पर कदमताल करते हुए ग्राम के विभिन्न मोहल्लो और कॉलोनी से होते हुए करीब 3 किलोमीटर तक संचलन निकला माना हाई स्कूल से शुरू होकर पथ संचलन मुख्य मार्गो से होकर गुजरा ।कई जगह तोरण द्वार सजाए गए और ग्राम में भगवा ध्वज लहरा रहे थे विशेष कर बच्चों द्वारा बुजुर्गों द्वारा पुष्पवर्षा कर समापन किया गया इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारी खंड कार्यवाह कमलेश जी तिवारी का उध्बोधन स्वयं सेवकों को प्राप्त हुआ मंडल कार्यवाह सुनील जी पटेल खंड सेवा प्रमुख प्रमोद कुमार आदि लोगों उपस्थित रहे।

# बड़ाबाग में भंडारा संपन्न, हजारों श्रद्धालुओं ने किया भोजन ग्रहण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

नगर में नवरात्री पर्व के समापन अवसर नगर के प्राचीन सिद्ध स्थल महावीर आश्रम बड़ाबाग में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

भंडारे की शुरुआत कन्या पूजन से की गई। इस दौरान सर्वप्रथम कन्याओं को भोजन कराया गया तत्पश्चात नागरिकों का भंडारा शुरू हुआ जो सायंकाल पांच बजे से देर रात्रि तक चला जिसमे हजारों पुरुष महिलाओं बच्चों ने प्रसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। नगर भंडारे की व्यवस्था में महावीर आश्रम सेवा समिति एवम गरबा उत्सव समिति के सदस्य गण व धर्म प्रेमी नागरिको ने संभाली।

गौरतलब हैं की बड़ाबाग में प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि के समापन के मौके पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमे गणमान्य नागरिक जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मोजूद रहे।

### गांव का नाम बदलकर निपानिया देव करने पर विधायक की सराहना

# विधायक ने निपानिया देव में 3 करोड़ 84 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

ग्राम निपानिया देव में करीब 3 करोड़ 84 लाख के विकास कार्यों का कालापीपल विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने भूमिपूजन व लोकार्पण किया। रविवार को कालापीपल विधानसभा के ग्राम निपानिया देव में भूमि पूजन व लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां मुख्य अतिथि विधायक घनश्याम चंद्रवंशी, विशेष अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष भंवरसिंह पंवार, मंडल अध्यक्ष लीलाधर गौड़ सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ हुई। वहीं आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने करीब 3 करोड़ 71 लाख 25 हजार रुपए की लागत से बनने वाले निपानिया देव से सेमला जोड़ सड़क का भूमि पूजन किया। वही गांव में 7 लाख 80 हजार रुपए की लागत से बने आंगनवाड़ी भवन व 5 लाख की लागत के टीन शेड का लोकार्पण किया गया। विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने करीब 3 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत की राशि के भूमिपूजन व लोकार्पण किए। वहीं नवाबी शासन काल से प्रचलित गांव का नाम निपानिया हिसामुद्दीन का उपनाम हिसामुद्दीन के स्थान निपानिया देव करवाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने समस्त ग्राम वासियों ने विधायक घनश्याम चंद्रवंशी व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का आभार माना। आयोजित कार्यक्रम में शामिल सभी पदाधिकारियों का साफा व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया।

ग्राम पंचायत निपानिया देव के उप सरपंच संदीप गेहलोत ने अभिनन्दन सह आभार पत्र का वाचन किया, सरपंच लखन भिलाला,उप सरपंच संदीप गेहलोत, सचिव रूपसिंह राजपूत, सहायक सचिव कमल राजपूत व मंडल उपाध्यक्ष सुरेंद्रसिंह राजपूत, युवा मोर्चा मंडल मंत्री मनीषसिंह राजपूत ने अभिनंदन सह आभार पत्र विधायक घनश्याम चंद्रवंशी को भेंट किया।

#### मैने शपथ के बाद पहला काम गांव का नाम बदलने का किया : चंद्रवंशी



विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने संबोधित करते हुए कहा कि मैने विधायक पद की शपथ लेने के बाद पहला काम गांव का नाम परिवर्तन करवाने का किया है। निपानिया देव को सभी निपानिया देव के नाम से ही जानते है लेकिन कागजों में निपानिया हिसामुद्दीन है जो कि इतिहास के पन्नों से भी धीरे धीरे मिटाया जा रहा हैं। सड़क, सीमेंट कांक्रीट ये सब तो होते रहते हैं लेकिन गांव का नाम निपानिया देव किया जाना यह आने वाली पीढ़ी भी याद रखेगी यह बहुत बड़ा काम हुआ है। वहीं निपानिया देव से सेमला जोड़ तक की सड़क की समस्या से ग्रामीणों को अब बड़ी राहत मिलने वाली है,क्योंकि यह रोड़ गांव को आष्टा शुजालपुर नेशनल हाईवे से जोड़ेगा इससे गांव में विकास की नई राह खुलेगी। कार्यक्रम के पश्चात मंदिर परिसर में बिल पत्र का पौधारोपण किया गया।

#### कांग्रेस पर जमके बरसे विधायक चंद्रवंशी

विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कहा कि हमारे विरोधी कहते हैं इन्होंने किसानों के लिए कुछ नहीं किया,में कहता हूं यदि हमारी सरकार ने अन्य पार्टी की सरकारों की तुलना में यदि कम किया हो तो हमें कटघड़े में खड़ा कर देना पहले अपने आप मंथन कर लो कि बीजेपी ने कितना काम किसानों के लिए किया है,भारतीय जनता पार्टी किसान हितैषी पार्टी हैं,अभी सोयाबीन खराब हुई हमने तुरंत सर्वे करवाने का काम किया है। विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कहा कि में किसान का बेटा हु तो मुझे पता है किसान को कब पैसे की आवश्यकता होती हैं और वो ब्याज से पैसे लेने के लिए साहूकार के पास जाता हैं,इसके पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी ने किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम कम ब्याजदर पर ऋण देने का किया। इसके साथ ही कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग लाड़ली बहनों को बोरियो में भरने की बात करते हैं इनकी मति भ्रष्ट हो चुकी हैं। विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कहते हैं कि लाड़ली बहनों को जो पैसे मिलते हैं उससे महिलाएं शराब पीती हैं ये सोच कांग्रेस की है ।हमारी सोच ये कि हम जो पैसे देते उससे बहन अपने बच्चों के लिए इस्तमाल करेगी,ओर राखी का त्यौहार अच्छे से मनाएगी। इसके साथ ही विधायक घनश्याम चंद्रवंशी ने कहा कि विपक्ष के लोग बाते करते हैं कि विधायक ने जमीन खरीद ली कॉलोनी काट दी,में जनता से कहता हु यदि मैने जमीन खरीदी हो या कॉलोनी काटी हो तो आप सभी उस पर कब्जा कर लो मुझे कोई आपत्ति नहीं है ये सब बाते फैलाने का काम विरोधी कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### श्री सिमंदर जिन दत्त धाम चेरिटेबल ट्रस्ट के चुनाव हुए संपन्न



**आष्टा।** श्री सिमंदर जिन दत्त धाम चेरिटेबल ट्रस्ट आष्टा के निर्विरोध चुनाव संपन्न हुए। जिसमें राकेश सुराणा को सभी उपस्थित ट्रस्ट मंडल ने सर्वसम्मति से ट्रस्ट अध्यक्ष निर्वाचित किया। राकेश सुराणा को उपस्थित सभी ट्रस्टियों ने माला पहना कर और मिठाई खिला कर बधाई प्रेषित की। पूर्व अध्यक्ष नगीन सिंगी को सर्वसम्मति से मंदिर निर्माण समिति का संयोजक मनोनीत किया। श्री सुराणा ट्रस्ट पदाधिकारियों की घोषणा शीघ्रः करेंगे। इस अवसर पर नगीन सिंगी, राजा पारख, मनीष सुराणा, नगीन छाजेड़, अभय देशलहरा,मनोज सुराणा,पवन श्री श्री मॉल, नितीन सुराणा आदि लोग उपस्थित थे।

### बिलकिसगंज में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**सीहोर।** जिले के बिलकिसगंज में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं स्वदेशी उत्पाद मेला आयोजित किया। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और स्वदेशी उत्पाद मेले में स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा स्वयं के द्वारा बनाएं स्थानीय उत्पादों के स्टॉल लगाए गए। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा शामिल हुए। उन्होंने मेले का भ्रमण किया और स्व सहायता समूह की दीदियों द्वारा लगाए गए उत्पादों के बारे में उनसे चर्चा की। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान एवं राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक महिला को लखपति दीदी बनाया जाए। इसी उद्देश्य से सरकार द्वारा स्वयं सहायता समूह और लाड़ली बहना योजना जैसी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आवास योजना के तहत नागरिकों के स्वयं के पक्के घर का सपना साकार किया जा रहा है। इसके साथ ही किसानों को सिंचाई के लिए जल, बच्चों को शिक्षा के लिए स्कूल और ग्रामों की समृद्धि के लिए सड़कें बनाने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश-प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले को भी टीबी मुक्त बनाने के लिए निरंतर कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

### त्याग परिश्रम सनुशासन से युक्त प्रत्येक स्वयंसेवक में दिखा उत्साह

# शताब्दी वर्षः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सिद्धिगंज मंडल में निकाला पथ संचलन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिद्धिगंज

**संघ गीतों की गूंज और स्वयंसेवकों के कदमताल से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। पुष्प वर्षा कर किया स्वागत**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा नगर में भव्य पथ संचलन का आयोजन किया गया। संचलन में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन और एकता का परिचय देते हुए नगर भ्रमण किया। कार्यक्रम के दौरान संघ गीतों की गूंज और स्वयंसेवकों के कदमताल से पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया और नगर में अपने घरों के सामने जगह-जगह रंगोली बनाकर वह फूलों की वर्षा कर स्वागत किया गया वहीं नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। इस अवसर पर संघ के प्रमुख वक्ताओं ने राष्ट्रीय एकता, संस्कार और एवं अपने देश की संस्कृति को बनाए रखने व समाज सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। और जो हमारे भाई हमसे दूर हो रहे हैं उन्हें जोड़ने का प्रयास करें कार्यक्रम का समापन प्रार्थना के साथ हुआ। पथ संचलन ग्राम के मुख्य मार्ग से निकल गया संचालन का प्रारंभ खेल मैदान से प्रारंभ किया गया जो इंदिरा कॉलोनी, चमन चौराहा, बड़ा बाजार ,हनुमान मंदिर, खाती मोहल्ला, बावड़ी चौक, छोटा बाजार, पुराना थाना रोड, सिद्धि गंज बस स्टैंड होता हुआ खेल मैदान पहुंचा जहां पर वक्त व अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक सदस्यों को राष्ट्र के बारे में विभिन्न प्रकार की बातें बताई गई राष्ट्र के लिए जीना है, राष्ट्रीय के लिए मरना है। संकल्प दिलाया गया कि राष्ट्रीय एवं पर्यावरण की हमेशा रक्षा करना है। वहीं पिछले 100 वर्षों से हिंदू समाज के संगठन के कारण ही आज हमारे आराध्या प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर बन पाया है। हम सब सौभाग्यशाली हैं जो आरएसएस शताब्दी वर्ष मना रहे हैं वही हमें शताब्दी वर्ष में हमें काम करने का अवसर मिला है वही बताया गया कि संघ से जुड़कर भारत को विश्व गुरु बनेगा इसके लिए समाज एवं संघ को मिलकर पांच परिवर्तन के बिंदुओं पर काम करना पड़ेगा सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी, और नागरिक शिष्टाचार शताब्दी वर्ष में पांच परिवर्तन पर काम करने के लिए सभी को तात्पर्य रहना पड़ेगा वही सभी को घर-घर जाकर सभी को एकजुट करना होगा। वही संघ कार्यकर्ताओं द्वारा व अधिकारियों द्वारा पद संचलन मुख्य के मार्गों से निकल गया।

# संकल्प नशा मुक्ति केंद्र में लगा जागरूकता शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नशा एक अभिशाप है। यह एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है । नशे के लिए समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और धूम्रपान बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, चिलम सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थों का उपयोग किया जा रहा है। उक्त बात शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वाधान में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत अभियान के दौरान केन्द्र के संचालक राहुल सिंह ने कहे। उन्होंने कहाकि आगामी दिनों में स्कूल और कालेज में जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने कहाकि इन जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचने के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता ही है साथ ही स्वयं और परिवार की सामाजिक स्थिति को भी भारी नुकसान पहुंचाता है। नशे के आदी व्यक्ति को समाज में हेय की दृष्टि से देखा जाता है। नशे करने वाला व्यक्ति परिवार के लिए बोझ स्वरुप हो जाता है, उसकी समाज एवं राष्ट्र के लिया उपादेयता शून्य हो जाती है। वह नशे से अपराध की ओर अग्रसर हो जाता है तथा शांतिपूर्ण समाज के लिए अभिशाप बन जाता है। नशा अब एक अन्तराष्ट्रीय विकराल समस्या बन गयी है।

श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र की टीम नशा मुक्ति अभियान के लिए कार्य कर रही है। केन्द्र के सहयोग से सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण के तत्वाधान में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर मद्य निषेध सप्ताह के अंतर्गत अभियान के दौरान परिवार, समाज व देश के भविष्य नौनिहाल छात्र-छात्राओं को नशा का प्रभाव व नशे की आदत जैसी संभावनाओं से कैसे दूर रखा जा सके, इसपर चर्चा की जाएगी, छात्र-छात्राओं में नशा की आदत नहीं लगे इसके लिए विशेष रूप से उन्हें समझाने की आवश्यकता है। क्योंकि इसके दुष्प्रभाव से विद्यार्थियों के शैक्षणिक जीवन पर विशेष रूप से प्रभाव पड़ता है और वह अपने मार्ग से भटक जाते हैं. नशा सेवन से शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक क्षमता पर तो दुष्प्रभाव देखे ही जाते हैं लेकिन कैंसर जैसी अन्य कई जटिल बीमारी होने की भी संभावनाएं बनी रहती है। कार्यक्रम के दौरान जिला संस्कार मंच के जितेन्द्र तिवारी, मोहन गोस्वामी, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, आकाश राय, भूपेन्द्र और कमलेश राय आदि शामिल थे।

# नगर में हुआ जमीयत उलमा हिंद का इंतिखाबी इजलास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




नगर में जमीअत उलमा जिला सीहोर के पदाधिकारियों का इंतिखाबी इजलास हुआ जिसमें जमीयत उलमा हिंद की जिला, तहसील ओर नगर स्तरीय टीम का गठन हुआ।

भोपाल से चुनाव अधिकारी कलीम खान साहब एडवोकेट महासचिव जमीअत उलमा म.प्र. और हाफिज इस्माइल बेग साहब, हनीफ साहब, हिफजुर्रहमान सिद्दीकी साहब आदि ने आकर सभी एक्टिव सदस्यों की राय लेकर हाफिज चांदमियां (शहरयार) साहब को लगातार चौथी बार जिलाध्यक्ष नियुक्त किया, तथा क़ारी आमिर साहब को जिला महासचिव एवं मौलाना यूसुफ साहब आष्टा, मौलाना लिक़ाउल्ला साहब दोराहा, एडवोकेट एच. आर. सिद्दीकी साहब नसरुल्लागंज, एडवोकेट अनीस खान इछावर को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# दशहरा मिलन समारोह के कार्यक्रम में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान सांसद दिग्विजय सिंह सोमवार को आष्टा में पूर्व पार्षद सोहेल मिर्जा के निवास पर आयोजित दशहरा मिलन समारोह में उपस्थित हुए। इस अवसर पर आष्टा कांग्रेस और मिर्जा परिवार द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। दिग्विजय सिंह ने उपस्थित कांग्रेस जनों को दशहरे की शुभकामनाएं दी और ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान व किसानों के मुआवजा संबंधी हस्ताक्षर अभियान में भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने अपने पुराने साथी बशीर बेग के साथ पारिवारिक संबंधों का स्मरण कर परिवार से शिक्षा, व्यवसाय व पारिवारिक जानकारी ली। इस अवसर पर किसान कांग्रेस के आत्माराम परमार, सोभाल सिंह मुगली सहित कांग्रेस नेताओं ने जिले में किसानों को मुआवजा से वंचित रखने के मुद्दे पर चर्चा की। पूर्व पार्षद इदरीस मंसुरी ने नगर पालिका में अटल बिहारी वाजपेयी जी की मूर्ति निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की जानकारी दी, जिस पर नेता विपक्ष राजकुमार मालवीय को इस मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाने और विरोध करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, कैलाश परमार, कमल सिंह चौहान, हिफजुर रहमान, भैया मियां, बापू लाल मालवीय, दशरथ सिंह ठाकुर, हरपाल ठाकुर, कमल सिंह पहलवान, बृजेश पटेल, ओपी वर्मा, सोभाल सिंह मुगली, विनीत सिंघी, सुनील सेठी, राजाराम कसौटिया, जीतेन्द्र सोभा खेड़ी, महेंद्र टीपा खेड़ी, महेशराजपूत, एच आर परमाल, इमरान डीलक्स, संदीप ठाकुर सहित दर्जनों अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।इस कार्यक्रम ने आष्टा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और ग्रामीण जनता को एक मंच पर जोड़ने का अवसर प्रदान किया और स्थानीय मुद्दों पर चर्चा का महत्व बढ़ाया।

# मां संतोषी गरबा महोत्सव में दूसरे दिन बरसते पानी में मातृ-शक्तियों ने गरबा कर भक्ति भाव से की माता की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



नगर में स्थित शास्त्री स्कूल दर्जी पुरा परसराम कम्प्लेक्स के पास संतोषी मां चार दिवसीय गरबा महोत्सव के दूसरे दिन मां संतोषी अंबे महारानी के चित्र पर मुख्य अतिथि किराना व्यापारी एसोसिएशन अध्यक्ष श्री शैलेंद्र (शेलू) मेहता ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया मां संतोषी माता की आराधना के साथ गरबा प्रारंभ हुआ बरसते हुए पानी में भक्ति भाव के साथ माताएं बहनें मातृशक्ति व छोटी-छोटी कन्या गरबा करती रही मां पार्वती नगर अलीपुर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा, पार्षद राजकुमार मालवीय, जनरल स्टोर एसोसिएशन अध्यक्ष पल्लव प्रगति एडवोकेट, विशेष अतिथि गणों का आयोजन मनोज कुशवाहा, नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद, सुशील कुशवाहा ने पुष्प माला एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत सम्मान किया वरिष्ठ समाजसेवी प्रेम नारायण शर्मा, कुशवाहा समाज अध्यक्ष रवि कुशवाहा, बबनराव माहडिक, पटेल दलकिशोरी कुशवाहा, ताराचंद कुशवाहा,मुकेश कुशवाहा, अमरचंद कुशवाहा पटेल, संजय सुराणा, शुभम कुशवाहा, राहुल कुशवाहा, प्रतीक माहडिक, प्रकाश कुशवाहा मामा, मोहन राठौर, सुरेश जैन, मना बाबू कुशवाहा, एवं मातृशक्ति अखिल भारतीय कुशवाहा महिला महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती गीता नरेंद्र कुशवाहा, नवरत्न गजानन महिला मंडल अध्यक्ष अनीता महाडिक, पार्वती बाई कुशवाहा, देवकी बाई कुशवाहा, आशा प्रकाश कुशवाह, ज्योति दीपक मेवाड़ा, गायत्री कुशवाह, नीता महाडिक, अश्वनी महाडिक, हेमलता कुशवाहा, पूजा कुशवाहा, सपना कुशवाहा, बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थिति रही

# सामाजिक कार्यकर्ता बलवान सिंह को मिला एक्टिव कंट्रीब्यूटर्स अवार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खाचरोद

एनजीओ पाठशाला भोपाल के पांचवा स्थापना दिवस के अवसर पर आष्टा ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम बडघाटी रामापुरा के युवा सामाजिक कार्यकर्ता बलवान सिंह ठाकुर को एनजीओ पाठशाला भोपाल द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय योगदानकर्ता एक्टिव कंट्रीब्यूटर्स अवार्ड दिया गया। बलवान सिंह ठाकुर द्वारा आष्टा ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्रों में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है उन्होंने समय-समय पर सामाजिक मुद्दों को लेकर लोगों में जागरूकता का कार्य किया जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता,पानी, सड़क, रोजगार आदि मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया जिसके परिणाम स्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव देखने को मिल रहा है।

इसी के साथ ही बलवान सिंह ठाकुर द्वारा महिला किसानों को जैविक खेती के लिए लगातार जागरूक करने के साथ जैविक खेती करने हेतु प्रेरित किया। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं जैविक किचन गार्डन के साथ-साथ जैविक खेती में भी अपनी भूमिका निभा रही है। साथ ही संगठन के तौर पर लोगों को एकत्रित किया। ब्लॉक स्तरीयजागृति संगठन के माध्यम से क्षेत्र के सामूहिक मुद्दों को पंचायत स्तर से लेकर जनपद पंचायत और जिला पंचायत तक उठाया। जिसके परिणाम स्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की व्यवस्था हो पाई साथ ही जर्जर स्कूल भवनों के मुद्दे के को उठाया। जिसके परिणाम स्वरूप स्कूल भवन का निर्माण हो पाया। ऐसे अनेको जागरूकता के कार्य किए गए। बलवान सिंह ठाकुर किसी भी राजनीतिक पार्टी से नहीं जुड़े हैं। वह एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। बलवान सिंह ठाकुर को यह पुरस्कार मिलने पर भारत ज्ञान विज्ञान समिति के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय पटेल भेरूंदा, कामेश्वरी संस्था आष्टा के संचालक मुकेश राठौर,युवा नेता घनश्याम जांगड़ा भारत ज्ञान विज्ञान समिति के ब्लॉक अध्यक्ष चेतन सिंह ठाकुर, ओम गोस्वामी, ममता मालवीय आदि लोगों ने शुभकामनाएं दी।

### ग्राम पंचायत दुपाड़िया में चलाया गया दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान

# दुधारू पशुओं की देखभाल, रखरखाव पर किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा




2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर 2025 तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चल रहा है। सीहोर जिले में कलेक्टर के निर्देशन और उपसंचालक पशुपालन विभाग के मार्गदर्शन में अभियान के तहत 10 दुधारू पशु रखने वाले पशु पालकों के घर-घर जाकर संपर्क किया जा रहा है। सोमवार को ग्राम दुपाड़िया में डॉ. उदय सिंह माहेश्वरी ने अपने दल सहित पशुपालकों से संवाद किया। जिसमें पशुपालकों से पशुओं के रख रखाव, स्वास्थ्य और पोषण, टीकाकरण, नस्ल सुधार के संबंध में संवाद किया गया। पशु पालकों से सायलेज एवं अजोला पशुओं को खिलाने के संबंध में संवाद किया गया।

दुधारू पशुओं के पशु आहार पर होने वाले अधिक व्यय को कम कर आय में वृद्धि करने के बारे में संवाद किया गया। संवाद के समय ग्राम में ग्राम पंचायत के सरपंच ज्ञान सिंह मालवीय और कर्मचारी यू एस राजपूत, रमेश डॉक्टर, गौतम पाटीदार और गांव के विभिन्न पशुपालक उपस्थित रहे ।